Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

>

Title : Need to provide railway link between Neemach and Badi Saadri for the convenience of people from Madhya Pradesh and Rajasthan - laid.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, पश्चिम रेलवे नीमच-रतलाम खण्ड पर अमान परिवर्तन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है जो मार्च 2007 से पहले पूरा होकर, उस पर माल गाड़ियां तथा यात्री गाड़ियाँ चलनी प्रारंभ हो जायेंगी। इससे इस क्षेत्र के ि वकास में जहां गति आयेगी, वहीं रेलवे के राजस्व में भी भारी वृद्धि होगी। इसी क्रम में मध्य प्रदेश तथा राजस्थान के नागरिकों की यह भी मांग है कि नीमच से बड़ी सादड़ी को यदि रेल लाइन से जोड़ दिया जावे तो बड़ी सादड़ी और जोधपुर के बीच सीधी रेल से वा आरंभ हो जायेगी। बड़ी सादड़ी और नीमच के बीच दूरी मात्र 47 किलोमीटर है। इससे जहां दोनों राज्यों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी वहीं रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी तथा सार्वजनिक हित, क्षेत्रीय विकास तथा रेलवे राजस्व की दृटि से एक उपयोगी लाइन सिद्ध होगी।

अतः मेरा रेल मंत्री महोदय से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश तथा राजस्थान के लोगों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को ध्यान में रखते हुए नीमच तथा बड़ी सादड़ी को रेल लाइन से जोड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कट करें तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि का आबंटन किया जाये।